हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 मई 2025




# ऐड को लेकर निगम-ठेकेदार आमने-सामने, शहर से हटेंगे सभी सिग्नल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शहर में लगाए गए दर्जनभर ट्रैफिक सिग्नल जल्द ही शहर से हटा लिए जाएंगे। सिग्नल में लगाए जाने वाले विज्ञापन के राजस्व को लेकर निगम और ठेकेदार आमने-सामने आ गए है। जिसके चलते ही सिग्नल हटाने तक ही नौबत आ गई है। चिंताजनक बात यह है कि बढ़ते सड़क हादसों के बीच ट्रैफिक सिग्नल के हटाए जाने से यातायात व्यवस्था और चरमरा जाएगी।

उल्लेखनीय है कि शहर में करीबन पांच से छह साल पहले रायपुर के एक ठेकेदार द्वारा आधा दर्जन ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे। उस दौरान नगर निगम सहित पुलिस महकमे से भी अनुमति लिए जाने की बात ठेकेदार कह रहा है। उसके अनुसार अधिक दबाव वाले चौक में लगाए गए इन सिग्नल के लिए सात साल का अनुबंध हुआ था। जिसकी अवधि पिछले साल ही समाप्त हो चुकी है। ऐसे में ठेकेदार ने अनुबंध के रेन्यूवल के लिए निगम में पत्र दिया था, परन्तु आज पर्यान्त तक अनुबंध का रेन्यूवल नहीं हो पाया है। ऐसे में अब ठेकेदार भी अपने द्वारा लगाए गए सभी सिग्नल को निकालने की तैयारी में है।

## लगभग छह साल पहले लगाए गए थे सिग्नल, हटने से चरमराएगी शहर में यातायात व्यवस्था

### पंद्रह लाख का एक सिग्नल

मिली जानकारी अनुसार शहर के दस चौराहे पर ठेकेदार द्वारा सिग्नल लगाए गए हैं। एक सिग्नल की लागत लगभग पंद्रह लाख रुपए है। ऐसे में दस सिग्नल लगाने में ठेकेदार ने डेढ़ करोड़ रुपए का खर्च किया है। इसके अलावा इन सिग्नल के मेन्टेनेंस का काम भी ठेकेदार द्वारा ही कराया जाता था। सिग्नल शहर में मुख्य चौराहों में लगाए गए थे। **इन चौक-चौराहों पर सिग्नल** : राम दरबार चौक, महावीर चौक, अंबेडकर चौक, आरके नगर चौक, चिखली चौक, पेंड्री चौक, गंज लाइन चौक, पोस्ट ऑफिस चौक।



### निगम ने एड हटाया ठेकेदार ने बिजली

निगम और ठेकेदार के बीच पूरा विवाद तब शुरू हुआ, जब निगम ने सिग्नल में लगे विज्ञापन बोर्ड को हटा दिया था। निगम के बोर्ड हटाने के बाद ठेकेदार में नाराजगी देखने को मिली। इसके बाद से ही ठेकेदार ने सिग्नल का मेन्टेनेंस बंद कर दिया और अब जब अनुबंध में देरी हो रही है तो ठेकेदार सभी सिग्नल को हटाने की तैयारी में है।

### नोटिस का जवाब नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिग्नल को लेकर पूरा विवाद विज्ञापन का है। हालांकि निगम प्रशासन ने इस मामले को लेकर संबंधित ठेकेदार को एक नोटिस भी कुछ महिने पहले जारी की थी। जिसमें ठेकेदार से निगम के साथ हुए अनुबंध की कॉपी मांगी गई थी। लेकिन अब तक ठेकेदार द्वारा इस नोटिस का जवाब निगम को नहीं दिया गया है। ना ही अनुबंध से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई कागज जमा किया गया है।

### करेंगे नया टेंडर

वर्तमान में ट्रैफिक सिग्नल एवं एड को लेकर निगम एवं ठेकेदार के मध्य कोई अनुबंध नहीं है। हमने अभी ठेकेदार से सिग्नल की पपुरानी व्यवस्था जारी रखने कहा है, आवश्यकता अनुसार नए टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी।

- **अतुल विश्वकर्मा**, निगम आयुक्त

## जनता हो रही परेशान, तहसीलों में भ्रष्टाचार बढ़ा

# अविवादित नामांतरण भी तीन महीने लटका रहे, बिना कमीशन काम नहीं


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक तरफ प्रदेश की साय सरकार लोगों को सुविधा उपलब्ध करने के लिए नए-नए फैसले ले रही है। भ्रष्टाचार को खत्म करने के साथ ही राजस्व के काम को आसान करने के लिए अब रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण किए जाने का फैसला लिया गया है। इससे जनता को काफी राहत भी मिलेगी, लेकिन दूसरी ओर तहसील दफ्तर में पदस्थ अफसर और कर्मचारी सरकार की छवि धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। आलम यह है कि राजस्व महकमे के कारण जनता सर्वाधिक प्रताड़ित महसूस कर रही है।

जबकि सीएम विष्णुदेव साय सहित डिप्टी सीएम एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने साफ तौर पर निर्देश दिए हैं कि तहसील में किसी भी काम के लिए रिश्वत ना ली जाए। ऐसा किए जाने पर सख्त कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है।

⏩ शेष पेज 14 पर

## तहसील में भ्रष्टाचार की विस अध्यक्ष से शिकायत की तैयारी



**ऐसी शिकायतें आम** : तहसील कार्यालय में स्टाफ की मनमानी चलती है। कार्यों को जानबूझकर कर अटकाने सहित भ्रष्टाचार की शिकायत रोजाना आती रहती है। कई बार आरोप लगते रहे हैं कि तहसील में बिना पैसों के कोई काम नहीं होता। नामांतरण, सीमांकन, डायवर्जन संबंधित कामों के लिए खुलेआम पैसे की मांग की जाती है। यहां दलाल भी सक्रिय हैं, जिन्हें यहां के स्टाफ का संरक्षण है।

### दलालों का कब्जा, बिना अनुमति रख लिए असिटेंट


राजस्व महकमे में दो नंबरी आमदनी का ऐसा बोलबाला है कि यहां अपने ही पैसे से पटवारियों एवं तहसील में पदस्थ कर्मचारियों ने अपनी मदद के लिए सहायक तक रख लिए हैं। सरकारी सेटअप के अनुसार उन्हें सहायक नहीं दिया जाता है, लेकिन रिश्वत की डील करने सहित बंटवारा, सीमांकन जैसे कामों में मदद के लिए अपने ही खर्च पर सहायक रखे गए हैं। इतना ही नहीं तहसील कार्यालयों में दलालों का कब्जा हो गया। यह दलाल पैसे लेकर हर काम जल्द करवाने का दावा भी करते हैं।

# मेमने की लालच में पिंजरे में फंसा तेंदुआ, वन विभाग ने जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़-राजनांदगांव

पिछले करीब एक सप्ताह से डोंगरगढ़ इलाके में तेंदुए की मौजूदगी से बनी दहशत आखिरकार गुरुवार की सुबह उसके पकड़े जाने बाद समाप्त हुई। पिछले चार-पांच दिनों से सुदर्शन गिरी पर्वत पर तेंदुए की चहल-कदमी से आम लोगों की चिंताए बढ़ गई थी, लेकिन बुधवार की देर रात वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ने में सफलता हासिल कर ली। विभाग ने तेंदुए को पिंजरे में फंसाने के लिए मेमना बांध रखा था, जिसको खाने जैसे ही तेंदुआ पिंजरे के भीतर घुसा पिंजरा बंद हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार पंचायत अछोली से लगे सुदर्षनगीरी पहाडी में एक हफता से अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर क्षेत्र के लोगो को दहषत में लानेवाले तेंदुओं को वन विभाग की टिम ने रेस्क्यू कर बुधवार की रात बडी मषक्कत के बाद पकडने में सफलता हासिल की है। लगातार वन विभाग का अमला उक्त तेंदुआ पर ड्रोन कैमरे से नजर भी बनाये रखा था साथ ही उसके लोकेषन के आधार पर पिंजरा भी लगाया गया बुधवार की रात्रि को 10 से 11 बजे के बीच पिंजरे में पकडने के बाद वन विभाग की टिम ने तेंदुआ को सुरक्षित रूप से क्षेत्र के जंगल में सुबह 4 बजे सुरक्षित छोडा गया। तेंदुआ के पकडे जाने के बाद आसपास के क्षेत्र के लोगो ने राहत की सांस भी ली है और क्षेत्र में आज आवाजावी और चहल पहल देखने को मिली है।





### ड्रोन से खोजी लोकेशन, पिंजरे से उसे पकड़ा

तेंदुए को देखे जाने के बाद से ही वन विभाग की टीम उसे पकड़ने के लिए अलर्ट मोड पर आ गई थी। पहले टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से तेंदुए की लोकेशन खोजी, उसके बाद लोकेशन के करीब पिंजरे को रखा गया। तेंदुए के लिए एक मेमना भी पिंजरे में बांध कर रखा गया था। दर्जनभर कर्मचारियों की मेहनत के बाद आखिरकार तेंदुए को बुधवार की देर रात करीब 11 बजे पकड़ लिया गया।

**चार दिन बाद फंसा तेंदुआ:** मिली जानकारी के अनुसार तेंदुए को पकड़ने के लिए पिछले चार दिन से पिंजरा लगाया गया था, लेकिन वह रोजाना पिंजरे के पास आता और मेमने को सूंघकर आगे बढ़ जाता था। परन्तु बुधवार रात तेंदुआ पिंजरे में प्रवेश कर गया। वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई कर उसे काबू में ले लिया। तेंदुए के पकड़े जाने तक वन विभाग के कर्मचारियों ने तीन शिफ्ट में लगातार निगरानी की।







## खबर संक्षेप

### बेजा धंधों पर अंकुश नहीं

**डोंगरगढ़।** महाराष्ट्र बॉर्डर पर स्थित बोरतलाव क्षेत्र इन दिनों अवैध कारोबार के लिए सुर्खियों में बना हुआ है। क्षेत्र में कच्ची शराब, अवैध उत्खनन, अवैध कटाई और सरकारी शराब दुकान से बड़े पैमाने पर शराब पार किया जा रहा है। वहीं मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र से भी अवैध शराब आ रही है। क्षेत्र के जंगलो में जुआड़ियों का आए दिन मजमा लगा रहता है। संवेदनषील क्षेत्र से बड़े पैमाने पर जानवरों की तस्करी भी की जा रही है। इन मामलों की जानकारी पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी है। इस मामले को लेकर ग्रामीण लगातार शिकायत करते आ रहे हैं। हाल ही में ग्रामीणों ने बोरतलाब पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए शिकायत किया था किन्तु प्रशासन कार्रवाई को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है।

### बाजार पहुंचा खुज्जी का लंगड़ा आम



**खुज्जी।** फलों का राजा आम और वह भी जब लंगड़ा हो तो नाम लेते ही मुंह में पानी आना लाजमी है। सियासत काल में नवाबों ने अपने बगीचे में लंगड़ा आम लगाए थे जो स्वाद और रसीले पन के लिए इतने मशहूर हुए कि उसकी महक छत्तीसगढ़ से लेकर अन्य राज्यों तक पहुंच गई। इस मांग की मांग साल दर साल बढ़ती गई। शिवनाथ नदी तट पर स्थित बगीचे में हर साल आम फलता है और पक के बाद बाजार में उपलब्ध होता है। इस साल मौसम की बेरुखी के बाद भी आम की पैदावार अच्छी है। लंगड़ा आम 80 से 100 प्रति किलो के भाव में बिक रहा है।

### बुधवारी बाजार पुनः प्रारंभ



**डोंगरगढ़।** नगर पालिका अध्यक्ष की पहल से सालों से बंद बुधवारी बाज़ार पुनः प्रारंभ हो गया है। सड़कों पर यातायात की समस्या को ध्यान में रखकर वर्षों से बंद पड़े बुधवारी बाज़ार को शुरू किया गया है। शुरूवात के साथ ही बुधवारी बाज़ार में सब्जी पसरा और ग्राहकों की भीड़ दिखाई दी। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं की सुविधा के लिए बिजली, पानी, सफाई की व्यवस्था किया जा रहा है। अध्यक्ष रमन डोंगरे, राजस्व एवं बाज़ार विभाग के सभापति सुमित ताम्रकार द्वारा बाज़ार की व्यवस्था पर नजर रखा जा रहा है ताकि व्यापारियों एवं ग्राहकों की सुविधा मिल सके। इसी प्रकार गोल बाज़ार सब्जी परिसर में सब्जी बिक्रेताओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है जिससे यातायात व्यवस्था सुगम रहे।

### सैन्य कार्रवाई का आतिशबाजी से स्वागत



**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष मनोज कांडे के नेतृत्व में बाजार चौक में भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई का आतिशबाजी एवं नारेबाजी कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश गांधी, नपं अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, राजेन्द्र तिवारी, टिकेश्वर साहु, मिरीगलाल साहु, राजेश देवांगन, राजकुमार ताम्रकार, अवध साहु, घनश्याम वैष्णव, हेमलाल वर्मा, सोमनारायण साहु, पुष्पा सिन्हा, उम्मेदसिंह देवांगन, यशवंत साहु, उत्तम साहु, पंडित महार, खेदूसाहु, तारम साहु सहित अन्य मौजूद थे।

### पाक को मिला कड़ा संदेश



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के ठिकानों पर की गई कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि पहलगांव में हुए आतंकी हमले का जवाब जवानों ने जिस बहादुरी से दिया है उससे हर भारतीय गर्व महसूस कर रहा है। सेना ने आतंक के अड्डों पर प्रहार कर यह साफ संदेश दिया है कि अब भारत चुप नहीं बैठता।

### नशीले दवाई बिक्री पर नजर



**डोंगरगढ़।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा एवं एसडीआपी आशीष कुंजाम के निर्देश पर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने मेडिकल स्टोर संचालकों का मीटिंग लिया। मीटिंग में नशीली दवाओं के स्टाक, नाइट्रोटेन, सिलोसन आदि की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिया। नशीली दवा बिक्री पर जानकारी मिलने पर कार्रवाई करने की बात कहा गया।

### मडियान में कबड्डी प्रतियोगिता 16 से

**डोंगरगढ़।** ब्लाक कबड्डी संघ डोंगरगढ़ एवं मडियान के ग्रामीणों के तत्वावधान में आगामी 16 से 18 मई तक हाईस्कूल ग्राउण्ड में पुरूष एवं महिला कबड्डी प्रतियोगीता का आयोजन रखा गया है। पुरूष वर्ग में विजेताओं को क्रमशः 30 हजार, 20 हजार, 150 हजार, 10 हजार, महिला वर्ग में 21 हजार, 15 हजार, 10 हजार, 7 हजार दिया जाएगा। मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे करेंगे। विशिष्ट अतिथि मधुसुधन यादव, भरत वर्मा, कोमलसिंह राजपूत, अशोक चौधरी, सचिन बघेल, मनोज कांडे, किरण साहू, देवेन्द्र साहू, प्रशांत कोडापे, रामाधार ओझा, लता सिन्हा, टुम्मन मंडावी होंगे। समापन आगामी 18 मई को विधायक दलेश्वर साहू के आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता भावेशसिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि रामछत्री चंद्रवंषी, रेशमा कंवर, टुम्मन मंडावी, राजोबाई कोसा, पलट मंडावी, किशुनराम चंद्रवंशी होंगे।

### सैन्य कार्रवाई हो गई थी जरूरी



**डोंगरगढ़।** पालिका के पूर्व अध्यक्ष तरूण हत्थेल ने पाकिस्तान के खिलाफ सैनिको द्वारा शुरू की गई कार्रवाई को सुरक्षा के लिए बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ही कार्रवाई के लिए मजबूर किया है। पाक समर्थित आंतकियों ने निहत्थे लोगो को घाट उतारा जिसके बाद यह कार्रवाई अनिवार्य हो गई थी।

### बाहरी श्रमिकों को प्राथमिकता

**डोंगरगढ़।** वन विभाग द्वारा रोजगार मुलक कार्यो में स्थानीय लोगों को का प्राथमिकता देने के बजाए बाहर के मजदुरो से काम कराया जा रहा है। अधिकारी कागजों में काम कर अपनी जेब गर्म करने में लगे हैं। क्षेत्र में अवैध कटाई, अवैध उत्खनन एवं कूपों की अवैध कटाई की शिकायत लगातार सामने आ रही हैं।

## स्कूलों में 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित, छात्रों में खुशी की लहर

# विद्यार्थियों ने सफलता का लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा बारहवीं एवं दसवीं की परीक्षा में नगर के प्रतिष्ठित सीजी पब्लिक स्कूल के तीन छात्र जिले के टॉप टेन की सूची में स्थान बनाने में सफल हुए हैं। कक्षा 12 वीं गणित संकाय के रोशन सिन्हा ने जिले के टॉप टेन की सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा-10वी के टॉप टेन की सूची में युक्ति माटेकर ने तीसरा और टीकेशदीप टांडेकर ने चौथा स्थान प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया है।

कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम में युक्ति माटेकरने 580 प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान व स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 99, गणित में 99, सा.विज्ञान में 97 हिन्दी में 97, विज्ञान में 95, संस्कृत में 93 अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार टिकेशदीप टांडेकर आ प्रदीप टांडेकर ने 579 प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया। उन्हे गणित में 100, अंग्रेजी में 99, हिन्दी में 96, विज्ञान में 96, संस्कृत में 95, सा. विज्ञान में 93 अंक प्राप्त हुए। प्राची रामटेक आ रमेश रामटेके ने 89.5 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय और चौथे स्थान पर हरवंश सोनकर आ बीसनाथ सोनकर, पांचवें स्थान पर निकिता मानिकपुरी रही। दसवी हिन्दी माध्यम में रीना साहू प्रथम, विमल कुमार द्वितीय, डिकेश डहरे तृतीय, गिरीश कुमार चतुर्थ, प्रज्ञा रामटेक पांचवे स्थान पर रही।



### इंग्लिश मीडियम में रूपाली प्रथम

कक्षा बारहवी अंग्रेजी माध्यम में रूपाली देवांगन प्रथम, महिमा राजपूत द्वितीय, नितिन सिन्हा तृतीस स्थान पर रहे। जीवविज्ञान संकाय में हनी शेण्डे प्रथम, हर्ष साहू द्वितीय, रितेश साहू तृतीय, वाणिज्य संकाय में निहारिका साहू प्रथम, शिवानी पटेल द्वितीय, नम्रता चौरे तृतीय स्थान पर रही। बारहवी हिन्दी माध्यम के गणित संकाय से रोशन सिन्हा आ हीरालाल सिन्हा ने कुल 500 अंक में से 477 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने रसायन में 99, गणित 97, भौतिक 96, हिंदी 93 और अंग्रेजी में 92 अंक प्राप्त किए। नीरज बारसागढ़े द्वितीय स्थान पर रहे। जीवविज्ञान संकाय में तृषा देवांगन प्रथम, चंचल देवांगन द्वितीय, खुशी साहू तृतीय, वाणिज्य संकाय में गौतम कुमार प्रथम, गौरव पटेल द्वितीय, प्रिंस रजक तृतीय स्थान पर रहे।

### आयुषी का सुयश




यूनियन पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल में कक्षा दसवी का परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा। शाला की आयुषी पटेल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता पिता एवं स्कूल का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार धन्वी पटेल ने 76.83, अविनाश साहू 72, यतिन रावटे 69.66 प्रतिशत तथा 12 वी में ज्ञानेश गुप्ता 77.6 प्रतिशत, दुष्यन्त देवांगन 68 एवं पोहन साहू ने 63प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। छात्र छात्राओं को प्राचार्य दुष्यन्त साहू ने बधाई दी है।

### भोजटोला में संजना रही सबसे आगे

**मोहला।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की परीक्षा में हाईस्कूल भोजटोला की छात्रा संजना पिता काजूराम ने 94.16 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। संजना शुरू से मेघावी छात्रा रही है। शाला की वासमी द्वितीय, कल्पना तृतीय और भूपेश्वरी चतुर्थ स्थान पर रही। परीक्षा में शामिल छात्रों में 12 प्रथम, 6 द्वितीय और 1 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ। सभी बच्चों को प्राचार्य सीएल सोनी, व्याख्याता एस हारमे, एस कलामे, जसवंत मंडावी, भूपेंद्र मिश्रा, एसएस गोटे, एस भुआर्य, वीएल यादव, बीएल विश्वकर्मा, बीईओ आरके देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर कोसरिया ने बधाई दिया है।



### टॉपटेन में लवली रही छठे पायदान पर



मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक स्कूल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने सफलता का परचम लहराते हुए दबदबा बनाये रखा है। कक्षा 10वीं में शहर में प्रथम और 12वीं बायो ग्रुप में ब्लाक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला के टाप टेन में 10वीं व 12वीं में छठवां स्थान हासिल करते हुए शाला का नाम रोशन किया है। प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेर ने बताया कि कक्षा 10वीं की परीक्षा में शामिल 74 परीक्षार्थी में से 55 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 74.32 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 45 एवं द्वितीय श्रेणी में 10 उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं के 7 छात्र- /छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। कक्षा में प्रथम स्थान पर लवली हिरवानी ने 95.66 फीसदी अंक के साथ जिला के टाप टेन में छठवा स्थान प्राप्त किया। लवली ने गणित में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर मेघा साहू, तृतीय दिव्यांश राजपूत, चतुर्थ गरिमा साहू, पंचम स्थान पर गजेन्द्र कुमार रहे। इसी प्रकार 12वीं में गणित संकाय में 7, कामर्स में 5, जीवविज्ञान में 38 एवं कृषि संकाय के 73 परीक्षार्थी में से 60 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 82.89 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 43, द्वितीय श्रेणी में 17 उत्तीर्ण हुए। कक्षा में प्रथम स्थान पर रही खिलेश्वरी ने 91.8 फीसदी अंक के साथ जिले में छठवां स्थान बनाया। द्वितीय सुमन, तृतीय करूणा, सोनाली, चतुर्थ सुधीर कुमार, नीनिमा मेश्राम एवं पंचम स्थान पर भोजराज रहे। छात्र छात्राओं को अध्यक्ष शैलजा पाण्डेय, संतोष सागर शर्मा, गौरीबाई झाड़े, संतोष वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राजपूत, पीएल बया, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, गौरव देवांगन, दामिनी यदु, वीणा साहू, संजू, रेणुका साहू, नरोत्तम साहू ने बधाई दिया है।

### रिकार्ड छात्र प्रथम श्रेणी में हुए उत्तीर्ण

**पटेवा।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेवा में कक्षा 10 वीं का परिणाम 79.61 प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल 103 विद्यार्थियों में 33 प्रथम, 44 द्वितीय और 5 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। मीनाक्षी रात्रे विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही। शाला के लक्की वर्मा, देविका साहू, तमन्ना साहू, ढालेश्वरी साहू, शशि यादव, डाली नेताम एवं मानसी धृतलहरे ने बेहतर अंकों के साथ सफलता हासिल किया। इसी प्रकार 12वीं के 174 विद्यार्थियों में 104 प्रथम, 49 द्वितीय और 3 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। परिणाम 89.65 प्रतिशत रहा। कला संकाय में एनिशा ने 90 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रही। प्राचार्य एचके साहू , शाला समिति के अध्यक्ष राकेश साहू आदि ने विद्यार्थियों को बधाई दी है। **पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में कक्षा पांचवीं एवं आठवीं परीक्षा के परिणाम विगत दिनों घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।पांचवीं एवं आठवीं परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। पांचवीं में अनामिका चंदेल, राजवीर महिलकर, दीपिका साहू, रूचि मेश्राम, करिश्मा चंद्रकांम, रेणु मेश्राम, क्षमा कोसरे, केमाशी वर्मा, गायत्री गुप्ता, देवेश यादव, लवण साहू, उत्तम साहू, आशीष, लिलम साहू ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसी प्रकार आठवीं में लेमन साहू, डिलेशवरी साहू, आशीष वर्मा, देवेन्द्र साहू, गिरीश वर्मा, हर्ष साहू, हेमंत साहू, हितेश वर्मा, कीर्ति साहू, नमन देवांगन, नाईस महिलकर, पूनम साहू, समीर वर्मा, शशांक वर्मा, सोनाक्षी सूर्यवंशी, सुहाना देवांगन, सूर्यांश वर्मा, विनय सूर्यवंशी, उमेश साहू, उपासना साहू ने शाला को गौरवान्वित किया है।

### बीपीएस इंग्लिश स्कूल के परिणाम बेहतर



**डोंगरगांव।** दसवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम गत दिनों स्थानीय बीपीएस पैरेंट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में घोषित किया गया। शाला के छात्र- छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर में दबदबा बनाए रखा है। शाला के दीपांश राजपूत ने 92.83 प्रतिशत के साथ अंचल में विशेष स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तवव के अनुसार परीक्षा में 9 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसमें से 7 प्रथम तथा 2 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। दीपांश राजपूत 92.83 प्रतिशत के साथ प्रथम, मोहन मुरारी वर्मा द्वितीय तथा योगेश्वर सिंह श्याम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा टामन लाल, वत्सलसिंग राजपूत, विद्याधर सोनटेके तथा स्मृति रानी ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया है। सफल छात्र छात्राओं को प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तव, नीतू रत्नाकर, कीर्ति सागर, हारिका पटेल, शिवराज शांडिल्य, प्रीति साहू, चुलेश्वरी साहू, उषा साहू, पल्लवी यदु, पिंकी देवांगन, प्रियंका पटेल, प्रियंका सिन्हा, माधुरी साहू, रेशमी साहू, चन्द्रप्रभा साहू, उमेश यादव, तेज साहू, ऐश्वर्य ध्रुव, नीरज साहू, ज्योति कोमरे, शिव यादव, तामेश्वर साहू, धनंजय नायक आदि ने बधाई दी है।

### बोदेला की बेटी ने बढ़ाया मान



**तुमड़ीबोड़।** डोंगरगांव ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम बोदेला के चतुर साहू की सुपुत्री भाव्या साहू ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 97.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्लाक और गांव का गौरव बढ़ाया है। उसकी शानदार सफलता से गांव में हर्ष का माहौल है। भव्या की सफलता की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने उसके घर जाकर बधाई दिया और मुंह मीठा कराया। श्री गांधी ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सफलता का सफर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। इस मौके पर कालेज जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेश पटेल, भावेश निक्की, टिमेश साहू, कुंदन साहू, जागेश्वर साहू, याजवेन्द्र लिल्हारे, विक्रम साहू आदि मौजूद थे।

# गुफा क्षेत्र में सघन स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विकासखंड के पश्चिम क्षेत्र में स्थित एशिया की प्रसिद्ध ऐतिहासिक मंडीप खोल गुफा में गत दिनों देव जात्रा एवं महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालु हजारों की भारी संख्या में शामिल हुए। सुबह 3 से शाम 6 बजे श्रद्धालु का आवागमन जारी रहा। समिति एवं प्रशासन ने शांतिपूर्वक दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था प्रबंध किए थे। ठाकुरटोला जमींदार ने विधि-विधान से पुजा कर गुफा का प्रवेशद्वार खोला। गुफा के अंदर तंग गली से गुजरते हुए लोगों ने विभिन्न संरचनाओं को करीब से देखा।यह गुफा अपनी लंबाई और रहस्यमयी संरचना के लिए प्रसिद्ध है। यहां तक पहुंचने के लिए एक ही नदी को 16 बार पार करना पड़ता है। गुफा का आंतरिक रहस्य, प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को काफी प्रभावित करता है।



### साल में खुलती है एक बार

उक्त गुफा अक्षय तृतीय के बाद आने वाले प्रथम सोमवार को खुलती है। मंडीप खोल गुफा ठाकुरटोला जमीदार पुलस्त्य राज का पारंपरिक देव स्थल है। किसान प्रमुख पर्व अक्ति तिहार के मौके पर ठाकुरदेव की सेवा अर्जी कर फसलोत्पादन हेतु बीज, गाड़ा लाकर खेती कार्य आरंभ करने के पुर्व जोहार भेंट करते हैं। इस दौरान मंडीप खोल सेवा समिति ने महोत्सव के दौरान क्षेत्र में फैले प्लास्टिक और कचरा को साफ करने अभियान चलाया। समिति के लोगों ने वन क्षेत्र, नदी किनारे से प्लास्टिक कचरा व अन्य एकत्रित किया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202501090100015/A**

विषय : अ-19(4) मामले की श्रेणी : राजस्व सन : 2024-2025
छीरपानी (प ह न. 00024),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - श्री विनोद खाण्डेकर, अध्यक्ष
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन, राजस्व विभाग

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनोद खाण्डेकर, अध्यक्ष, प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ (छ.ग.) पंजीयन क्रमांक छ.ग.-02/07 द्वारा छिरपानी स्थित भूमि खसरा नं. 197 रकबा 20.0600 हे. में से उपर पहाड़ी स्थित 3 एकड़ तथा प्रज्ञागिरी परिसर के नीचे 2 एकड़ भूमि छ.ग. में पर्यटन को बढावा देने एवं सामाजिक, धार्मिक गतिविधियों का सूचारू रूप से संचालन करने के लिये प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति को आबंटन करने का अनुरोध किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 26.05.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

कमल किशोर साहू
अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

हर खरीदी पर पाये आकर्षक उपहार
LAPTOP
14,999/- से शुरू
विज्ञापन की कटिंग लाने पर 10% विशेष छुट
बजाज फाईनेंस 7000रु. से अधिक की खरीदी पर उपलब्ध
सभी प्रकार के कम्प्यूटर बनाये व बेचे जाते है एवं सभी कंपनीयों के लैपटॉप, डेस्कटॉप, CCTV कैमरा व प्रिंटर उपलब्ध
intel SONY SAMSUNG DELL ASUS Lenovo hp logitech
प्रो. पंकज वर्मा, मो. 9827960529
पेन्टियम कम्प्यूटर्स
बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू , डोंगरगढ़ 491445
नियम व शर्तें लागू

# प्रवेश के लिए निकली लाटरी



**डोंगरगांव।** पीएम श्री सेजेस में गुरूवार को कक्षा पहली से आठवीं में प्रवेश के लिए लॉटरी निकालकर छात्रों का चयन किया गया। लॉटरी के माध्यम से कक्षा पहली में 33, कक्षा दूसरी में एक, कक्षा चौथी में एक, कक्षा छठवीं में तीन ,कक्षा सातवीं में पांच ,कक्षा आठवीं में प्रवेश के लिए में तीन छात्रों का चयन किया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर हितेश्वरी बांधे, एपीसी मनोज मरकाम, प्राचार्य बीएल देवांगन, शाला समिति अध्यक्ष अरुण जैन, गुलशन हिरवानी, व्याख्याता वायआर कोठारी, उषा साहू आदि मौजूद थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बारहवीं में भूमिका प्रथम



**तुमड़ीबोड़।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल तुमडीबोड़ की कक्षा 12वीं की छात्रा भूमिका साहू ने गणित संकाय में 88.8 प्रतिशत अंक के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूमिका साहू शुरू से ही मेधावी रही है। उन्होंने 10वीं में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था। भूमिका साहू सिवनीखुर्द निवासी काजूराम साहू, देवकी साहू की पुत्री है।

### काव्या तीसरी में प्रथम



**खुज्जी।** ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में विगत दिनों परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। कक्षा तीसरी में काव्या ठाकुर ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हे पूर्णिमा पतिराम ठाकुर, शिक्षक सिमरन साहू सहित अन्य ने बधाई दिया है।

### निधि साहू कक्षा में प्रथम



**भानपुरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी की छात्रा निधि साहू ने कक्षा बारहवीं की परीक्षा में 87 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस सफलता पर प्राचार्य ज्योति विनोद एवं स्टॉफ ने उसे बधाई दी है।

### 50 लोगों ने स्व प्रेरणा से किया रक्तदान



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष टामेश्वर साहू, सदस्यों एवं अन्य को प्राचार्य ने रक्तदान का महत्व बताते हुए रक्तदान करने प्रेरित किया। महाविद्यालय के छात्र मुरली साहू एवं शिवकुमार ने रक्तदान आरंभ किया। तत्पश्चात अतिथि व्याख्याता में डॉ संजूसिंह, योगेंद्र देवांगन, ओम प्रकाश सहारे ने रक्तदान किया। इसी क्रम में गणेश यादव, भानुप्रताप साहू, राहुल निषाद, हिमेंद्र यादव, दीपक ठाकुर, हरीश सोनकर, देवकुमार रावत सहित लगभग 50 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। शिविर में लेब टेक्नीशियन आदित्य जेम्स, मधुरश्मित साहू, स्वाती तिरपुड़े, धनेश्वर जंघेल ने रक्त जांच एवं रक्तदान कराया। इसी प्रकार धर्मेंद्र साहू एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं को हेलमेट प्रदान करते हुए सभी को जान की सुरक्षा के लिए हेलमेट का नियमित उपयोग करने प्रेरित किया। इस दौरान नागेश यदु, फनेंद्र जैन, शुभी जैन, हनी ठक्कर, सरोजिनी वर्मा, कंचन साहू, हिमानी साहू, लीना साहू, चांदनी पराते, हेमशंकर साहू, दुष्यंत साहू आदि ने शिविर के आयोजन में सहयोग दिया। इस मौके पर कमलेश सोनकर, अलखराम साहू, हंसराज सोनकर, ओम प्रकाश जैन, विजय जैन, गजेंद्र साहू, दौलत सोनकर, टुमनलाल, विनायकसिंह आदि मौजूद थे।

### सट्टा, दो आरोपी पकड़े गए

**राजनांदगांव।** सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में बसंतपुर पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपियों से सट्टा-पट्टी एवं नगदी रकम बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 8 मई को थाना बसंतपुर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस ने आरोपी प्रमोद नेताम 19 साल निवासी ढीमरपारा सागरपारा से सट्टा-पट्टी एवं नगदी रकम 1000 रुपए, आरोपी संजय साहू 42 साल राजीव नगर से सट्टा-पट्टी एवं नगदी रकम 900 रुपए जब्त कर आरोपीगणों के विरूद्व सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्व किया गया तथा आरोपियों के विरूद्व पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

---

संगीत विवि में 10 दिवसीय कलात्मक शिविर का राज्यपाल ने किया शुभारंभ

# संगीत, कला-संस्कृति समाज व प्रदेश की जीवन रेखा होती है : राज्यपाल

## मरम्मत सहित अन्य कार्य के लिए 5 करोड़ की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि में 7 से 16 मई तक आयोजित दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर का शुभारंभ राज्यपाल व कुलाधिपति रमेन डेका ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थापक परिवार की सदस्य डॉ. उज्जवला सिंह और कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल उपस्थित रहे।

मां सरस्वती की प्रतिमा व राजकुमारी इंदिरा के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पण बाद राज्यपाल ने कहा कि संगीत, कला व संस्कृति किसी भी समाज व प्रदेश की जीवन रेखा की तरह होती है। छत्तीसगढ़ इतना समृद्ध है कि यहां रामायण काल के पहले की संस्कृति मौजूद है। संगीत एक ऐसा माध्यम है जो सुख-दुख में सही रास्ता दिखाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि इसमें बहुत स्कोप है, फाइन आर्टस के क्षेत्र में भी आप बेहतर कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अलग-अलग विषयों पर अध्ययन-अध्यापन की सुविधा दी गई है जिसका फायदा निश्चित रूप से विद्यार्थियों को मिलेगा। संगीत कला से समृद्ध इस तरह के विवि को कभी नहीं देखने की बात के साथ कहा कि इसके विकास के लिये हरसंभव सहयोग करेंगे। फाइन आर्ट की कलाओं की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस तरह की कला हमने पहले नहीं देखी। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में यहां की संस्कृति बसी हुई है। उन्होंने यहां के विद्यार्थियों को संगीत व कला की बेहतर शिक्षा अर्जित करने कहा।

कार्यक्रम अध्यक्ष कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने कहा कि कुलाधिपति की उपस्थिति हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो इस विशिष्ट संस्था की सांस्कृतिक व शैक्षणिक परंपरा को और अधिक सुदृढ़ करती है। सन् 1956 में स्थापित इंदिरा कला संगीत विवि एशिया का ऐसा पहला विवि है जो पूरी तरह से संगीत, नृत्य, ललित कला और रंगमंच को समर्पित है। आज यह विवि केवल उस विरासत को सहेज नहीं रहा है बल्कि वैश्विक कला और संस्कृति के बदलते स्वरूप के अनुसार स्वयं को निरंतर विकसित भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि कला केवल एक अकादमिक विषय नहीं अपितु आध्यात्मिक साधना है। हम ऐसे कलाकारों को गढ़ने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं, जो न केवल अपनी कला में निपुण हों, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत के जागरूक संवाहक भी बनें। कुलपति ने कहा कि विवि को नैक ए ग्रेड दिलाना, शोध का स्तर उन्नत करना, प्रवेश से परिणाम तक पारदर्शिता व निश्चितता, स्वच्छता व आधुनिकता का संदेश सहित खुशनुमा तनाव रहित वातावरण बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। कुलपति ने विवि की इमारतों की मरम्मत व आधुनिकीकरण के लिए लगभग पांच करोड़ रूपये की राशि की मांग रखी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि संस्थापक परिवार की सदस्य डॉ. उज्जवला सिंह ने कला के प्रति समर्पित कुलपति की नियुक्ति को लेकर राज्यपाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस शिविर से आप मनोरंजन के साथ ही अपनी संस्कृति को नई पीढ़ी तक हस्तांतरित कर सकते हैं। उन्होंने राज्यपाल से विभिन्न कलाओं की शिक्षा अर्जित करने वाले कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान करने विशेष पहल करने कहा। कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने उपस्थित अतिथियों सहित अधिकारी/कर्मचारी, विद्यार्थी/शोधार्थियों का आभार व्यक्त किया। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात छात्रों के द्वारा गायन-वादन व नृत्य की प्रस्तुति दी गई। एकल सितार में राग यमन की प्रस्तुति, त्रिताल में एकल तबला वादन तथा एकल शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात कथक विभाग के विद्यार्थियों ने कथक शास्त्रीय नृत्य की अत्यंत आकर्षक प्रस्तुति दी तथा लोक संगीत के विद्यार्थियों ने सरहुल, गेड़ी व पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जिपं सदस्य व संस्थापक परिवार की सदस्य शताक्षी सिंह सहित जिला प्रशासन के अधिकारी, विवि के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी-शोधार्थी सहित शिविर में पंजीकृत बच्चों के साथ उनके पालकगण उपस्थित रहे।



### शिविर में 300 बच्चों ने कराया पंजीयन

नवाचार के तहत गीत, संगीत व ललित कलाओं के विस्तार के उद्देश्य से आयोजित ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर में लगभग 300 बच्चों ने अपना पंजीयन कराया है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गीत-संगीत व ललित कलाओं से जोड़ने इस शिविर की शुरूआत की गई है जिसका बेहतर प्रतिसाद मिला है। पंजीयन के दौरान लगभग 50 से 60 बच्चों के द्वारा पंजीयन कराये जाने का अनुमान था परंतु स्थानीय लोगों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भी गीत, संगीत व ललित कला के प्रति रूचि देखने को मिली और उक्त शिविर का लाभ लेने लगभग 300 बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है, इसके साथ ही शिविर के पहले ही दिन लगभग 100 बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इससे स्पष्ट है कि कला के प्रति आज भी लोगों में रूचि बनी हुई है।

### विवि के कई विभागों का किया निरीक्षण

ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर के उद्घाटन बाद राज्यपाल व कुलाधिपति ने संगीत विवि के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। कैंपस वन में बने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का अवलोकन बाद उसे जल संरक्षण के लिए सार्थक पहल बताया। लोक संगीत विभाग मे छत्तीसगढ़ के लोक वाद्यों के साथ ही लोक वेशभूषाओं के उपयोग के संबंध में जानकारी ली। चित्रकला विभाग मे छात्र कलाकारों द्वारा निर्मित विभिन्न चित्रकारी का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को लाइब्रेरी के सामने स्थित गार्डन में 'एक पेड़ मां के नाम' पर वृक्षारोपण किया। कला संकाय के पास कम्पोस्ट खाद निर्माण को लेकर निर्मित टंकी का निरीक्षण किया। अंत में कुलाधिपति ने क्राफ्ट एंड डिजाइन विभाग का अवलोकन कर स्टूडेंट्स द्वारा बनाए गए विभिन्न डिजाइन के परिधानों की जानकारी लेकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये इसे बेहतर बताया।

---

# दस हजार नरेगा मजदूरों को दी रोजगार दिवस में जानकारी



- एप अपलोड करने और पंजीयन की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महात्मा गांधी नरेगा तहत गुड गवर्नेंस गतिविधि अंतर्गत ब्लाक में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान नरेगा स्कीम के प्रावधान व अधिकारों की जानकारी दी गई। नरेगा कार्यक्रम अधिकारी उपेंद्र वर्मा ने बताया कि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के दिशा निर्देश और जनपद सीईओ नारायण बंजारा के मार्गदर्शन में ब्लाक के 114 ग्राम पंचायतों में कार्यस्थल पर रोजगार दिवस का आयोजन किया गया।

जहाँ कार्यरत पंजीकृत ग्रामीण मजदूरों को योजना में हुए नए पुराने संशोधन से अवगत कराया गया। नए परिवारों से पंजीयन के अलावा नए सदस्यों का नाम कार्ड में शामिल करने आवेदन लिया गया। रोजगार को लेकर मांग, लंबित मजदूरी को लेकर समाधान, आवेदनों का निराकरण, 15/50/75 दिन रोजगार दिवस काम करने वालो से मांग अनुरूप रोजगार का अवसर उपलब्ध कराना, सामाजिक अंकेक्षण सहित जिला व जनपद द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशो की जानकारी दी गई। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा हर महीने की सात तारीख को नरेगा अंतर्गत रोजगार दिवस का आयोजन कर योजना से संबंधित जानकारी पंजीकृत मजदूरों को देने का निर्णय लिया गया है जिसके पालन को लेकर ब्लाक के 114 पंचायतों में कार्यस्थल पर रोजगार दिवस का आयोजन कर योजना से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी उपेंद्र वर्मा ने बताया कि दस हजार से उपर मजदूरों को मोबाईल एप जनमनरेगा को लेकर जानकारी दी गई। एप अपलोड करने और पंजीयत सहित अन्य जानकारी संग्रहित करने का तरीका बताया गया।

## समाधान शिविर में सुलझी समस्याएं

**डोंगरगढ़।** ग्राम मोहारा में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत मोहारा, सिवनीकला, बिजनापुर, चैतुखपरी, मुढ़यिा, सहसपुर, पुरैना, खुर्सीपार, सेम्हरा, बिल्हरी, खैरा, रूवातला से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, जिला सहकारी, वन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी। शिविर में जनपद सीईओ ने बताया कि 12 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के 488, शौचालय निर्माण 265, राशन कार्ड 109, निर्माण कार्य 96, समाज कल्याण विभाग 177, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र 3 एवं रोजगार गारंटी योजना के 132 आवेदनों का निराकरण किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, अनिता मंडावी, जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, सरपंच, पंच, एसडीएम मनोज मरकाम, नायब तहसीलदार सतपाल यादव, प्राची लांगे सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# छंद के छ, डॉ. पद्मा साहू पर्वणी की पुस्तक का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राजधानी के वृंदावन हॉल में छंद के छ समिति के नवमे स्थापना दिवस पर विविध आयोजन हुआ। पुस्तक विमोचन, सम्मान समारोह के साथ राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन हुआ जिसमें प्रदेश के सोलह जिलों के 90 से अधिक छंदकारों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार व अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार डॉ सुधीर शर्मा, छंदकार सूर्यकांत, चेतन भारती, आशा देशमुख की उपस्थिति में अतिथियों ने छंद गुरू अरूण कुमार निगम की छत्तीसगढ़ी गजल संग्रह मार्गदर्शिका गजल के ग सहित खैरागढ़ की डॉ पद्मा साहू पर्वणी की छत्तीसगढ़ी बाल कविता संग्रह ममा गाँव जाबो सहित दस से ज्यादा छंदकारो के छंद संग्रह का विमोचन किया। मुख्य अतिथि डॉ अभिलाषा बेहार ने रचनाकारों की छत्तीसगढ़ी रचनाओं को स्कूलों में बच्चों के बीच पहुंचाने का आश्वासन दिया। वरिष्ठ छंदकारों को छत्तीसगढ़ी छंद रतन सम्मान से सम्मानित किया गया। काव्य पाठ बाद प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान जितेन्द्र कुमार वर्मा खैरझिटिया, महेंद्र कुमार बघेल मधु, रामकुमार चंद्रवंशी, ओमप्रकाश साहू अंकुर, राजकुमार चौधरी रौना, नंदकिशोर साव नीरव, नंदकुमार साहू नादान, दूज राम साहू अनन्य, बोधन निषाद, बलराम चंद्राकर, गजराजदास महंत , इंद्राणी साहू सांची, दीक्षा चौबे, कमलेश शर्मा, गायत्री श्रीवास सहित अन्य छंदकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजय साहू अमृतांशु, जितेन्द्र कुमार वर्मा खैरझिटिया, ईश्वर साहू आरूग ने किया।

### नवोदित रचनाकारों को प्रोत्साहन

छंद के छ परिवार की स्थापना 2016 में अक्षय तृतीया के दिन किया गया था। इसके संस्थापक अरूण कुमार निगम प्रदेश के साहित्यकारों को छंद ज्ञान दे रहे हैं जिसके चलते आज कई छंदकार अपनी छंदबद्ध रचनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ी साहित्य को समृद्ध कर रहे हैं। अधिवक्ता व पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू की धर्मपत्नि डॉ पद्मा साहू पर्वणी भी इनमे से चिर परिचित नाम है जिनकी यह तीसरी कृति है। दोहा, कुंडलिया, छत्तीसगढ़ी कहानी पर कलम चलाकर छत्तीसगढ़ी भाषा को समृद्ध करने का लगातार भरपूर प्रयास कर रही है। प्रधान पाठक होने के कारण शालेय समय में खेल-खेल में शिक्षा और नवाचार के माध्यम से बच्चों के साथ जुडक़र उनको शिक्षा प्रदान करती है। बच्चों के पठन पाठन को रुचिकर बनाने छत्तीसगढ़ी बाल कविता संग्रह का सृजन किया है जिसमें आमा, अमली, प्रकृति, तिहार, खेलकूद, विज्ञान, गणित, पर्यावरण से संबंधित रंगीन चित्रमय 45 कविताओं का संग्रह है जो विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी व रुचिकर साबित हो रहा है। सुमित्रा कामरिया द्वारा समीक्षा बाद पुस्तक विमोचन पर शिक्षा विभाग व साहित्य जगत के शुभचिंतकों ने बधाई दी है।






## सार समाचार

### भारतीय टीम में चयन कराने के नाम पर ठगी

**राजनांदगांव।** मार्शल आर्ट खिलाड़ी छात्रा को भारतीय टीम में चयन कराने के नाम पर आरोपियों ने ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी तरूण कुमार चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी पुत्री जो मार्शल आर्ट में नेशनल खिलाड़ी है, को भारतीय टीम में चयन कराने के नाम पर आरोपी लाकेश सिन्हा, टिकेन्द्र सिन्हा, भोजराज ने छलपूर्वक 6797000 रुपए की ठगी कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

### अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिग का अपहरण कर कुकर्म करने के एक मामले में पुलिस ने आरोपी का पतासाजी कर गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के



अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 25 अप्रैल को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसला कर भगाकर अपहरण कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस अपराध कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई-** चिखली पुलिस टीम तैयार कर अपहृता की पतासाजी किया गया, जो अपहृता को शिवम बर्मन के कब्जे से ग्राम करूड वैभव बाड़ी जिला सिंधु दुर्ग महाराष्ट्र के होटल से बरामद किया। पीड़िता से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि आरोपी द्वारा अपहृता को प्रेमजाल मे फंसाकर शादी का प्रलोभन देकर बहला-फुसलाकर नागपुर व जबलपुर ले जाकर जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाया। धारा 64(2) (ड), 87 बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट 4, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से आरोपी शिवम बर्मन 22 साल साकिन मुरैठ थाना सिहोरा जिला जबलपुर मप्र को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने और मेडिकल मुलाहिजा से पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### छात्राओं ने मारी बाजी

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत अंडी निवासी प्रतिज्ञा साहू पिता दौलत साहू ने



10वीं की परीक्षा 84 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। इन्हें सभी विषयों में विशेष योग्यता मिली है। वहीं शीतल साहू पिता दौलत साहू 95 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इन्हें भी सभी विषयों में विशेष योग्यता मिली है। इसी प्रकार यामिनी कन्नौजे 80 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन्हें हिन्दी, संस्कृत, साइंस व सोशल साइंस में विशेष योग्यता मिली है।

### प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव आज

**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ एवं माँ भानेश्वरी मंदिर समिति सिंघोला द्वारा इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सिंघोला में स्थित सिद्धपीठ माँ भानेश्वरी जयंती



महोत्सव 09 मई शुक्रवार को आयोजित है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि ग्राम सिंघोला राज्य स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव 9 मई को सिंघोला हाईस्कूल में वृहद रूप से मनाया जाएगा। जिसमें प्रातः 7:30 बजे माँ भानेश्वरी मंदिर प्रांगण सिंघोला से भव्य कलश के साथ माँ भानेश्वरी की झाँकी का भ्रमण, प्रातः 10 बजे माँ भानेश्वरी मंदिर में सम्मान एवं भेंट, प्रातः 11 बजे माँ भानेश्वरी की सामूहिक पूजा एवं ध्वजारोहण, दोपहर 1.30 बजे आमंत्रित अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन, संध्या 3.30 बजे सम्मान समारोह आयोजित है। आमंत्रित अतिथिगण में मुख्य अतिथि अरूण साव उप मुख्यमंत्री, अध्यक्षता ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री, प्रमुख अतिथिगण तोखन साहू, संतोष पाण्डे सांसद, चंदूलाल साहू, जितेन्द्र साहू, मधुसूदन यादव महापौर, अभिषेक सिंह पूर्व सांसद, संदीप साहू, भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथिगण दीपक ताराचंद साहू, खेदूराम साहू, छन्नी साहू, किरण वैष्णव, किरण साहू, प्रतिमा चंद्राकर, देवकुमारी साहू, विभा साहू, खुशबू साहू, मुकेश साहू एवं छत्तीसगढ़ साहू संघ के समस्त जिला अध्यक्षगण आदि शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला साहू संघ डॉ. नीरेन्द्र साहू कार्यक्रम संयोजक माँ भानेश्वरी जयंती, भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, शैलेन्द्र साहू उपाध्यक्ष, नीलमणी साहू, मोती साहू, नीरा साहू, नोबल साहू, अंजु साहू, चन्द्रशेखर साहू, जगतनारायण साहू, मोतीलाल साहू, कार्यक्रम संचालन समिति के तहसील अध्यक्षगण कुलेश्वर दास साहू, हेमंत साहू, मिलापदास साहू, भुनेश्वर साहू, लक्ष्मण साहू, हंसराज साहू, मंथीर साहू, माँ भानेश्वरी शक्तिपीठ समिति सिंघोला के नंदकुमार साहू अध्यक्ष, कुबेर साहू सहसचिव, भोजराम साहू उपाध्यक्ष, सुरेश साहू कोषाध्यक्ष, रोशन साहू सचिव, दीलिप ठाकुर मंदिर पुजारी आदि शामिल रहेंगे।

### भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने नामांतरण प्रक्रिया बदला

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जल, जंगल को बड़े उद्योगपतियों के हवाले कर



भाजपा की सरकार अब प्रदेशवासियों को उनकी जमीनों से बेदखल करने की नीयत से भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने भूमि नामांतरण प्रक्रिया को आसान कर दिया है। नए नियम के तहत उप पंजीयक द्वारा सीधे जमीन का नामांतरण किया जाएगा। इस नियम के तहत बिना दावा-आपत्ति, बिना इस्तेहार प्रकाशन तथा बिना नोटिस तामिल किए ही नामांतरण हो जाएगा। जिससे भू-माफियाओं द्वारा फर्जीवाड़ा कर जमीन हथियाने का खेल आसान हो जाएगा। श्री पिंटू ने कहा कि सरकार के इस फैसले से आम जनता की जमीन पर खतरा बढ़ गया है। नामांकन की प्रक्रिया से संबंधित ग्रामसभा और तहसीलदार के अधिकारों को बायपास करने से भू-माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जाएगा। ऐसे में नामांतरण के पश्चात ऋण पुस्तिका किसके द्वारा प्रमाणित किया जाएगा, राजस्व अभिलेख का संधारण कौन करेगा, गलत नामांतरण पर सुनवाई कौन करेगा, क्योंकि पंजीयक के न्यायिक अधिकार नहीं होते। साय सरकार का फोकस आम जनता का हित नहीं, बल्कि भू-माफियाओं के अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने में है। श्री पिंटू ने कहा कि वर्तमान प्रक्रिया में सारे नियमों को ताक पर रखकर भू-माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर जमीनों की अवैध रजिस्ट्री बिक्री करने के अनेक मामले सामने आ चुके हैं। यदि नामांतरण प्रक्रिया को और आसान कर उप पंजीयक को सारे अधिकार दे दिए जाते हैं तो जमीन कब्जे, अवैध खरीदी-बिक्री के मामलों में वृद्धि होगी। अनेक मामले में माफियाओं ने जमीन क्रेता को बताएं बिना ही बैंकों में कर्ज हेतु दर्ज जमीन या बंधक भूमि को बेच दिया है। नामांतरण के लिए मामला तहसील और संबंधित ग्रामसभा तक पहुंचता है तो इस तरह की त्रुटियां फर्जीवाड़े उजागर हो पाते हैं। अब जब नए आदेश के अनुसार उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री होते ही स्वतः नामांतरित हो जाएगा तो ऐसे फर्जीवाड़े को पकड़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन होगा। नए आदेश के मुताबिक बिना किसी जांच के नामांतरण पूरा हो जाता है, तो असली मालिक को बिना सूचना के ही जमीन से हाथ धोना पड़ेगा और तो और सरकारी भूमि, पट्टे की भूमि, आदिवासी की भूमि, कोटवारी भूमि, अवैध प्लाटिंग, अहस्तांतरणी भूमि, शामिलात खाता की भूमि या मिसल से अधिक रकबे की भूमि को भी अब रजिस्ट्री करवाकर नामांतरण के दायरे में लाने का षड्यंत्र रचा गया है। श्री पिंटू ने कहा कि भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने साय सरकार ने आसान रास्ता बना दिया है।

## शहर में बनाए गए थे 3 सेंटर, परीक्षार्थियों में नहीं दिखी रूचि

# इंजीनियरिंग और फार्मेसी में दाखिले के लिए प्री-टेस्ट परीक्षा, 913 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंजीनियरिंग और फार्मेसी में एडमिशन के लिए प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट पीईटी और प्री-फार्मेसी टेस्ट पीपीएचटी की परीक्षा का आयोजन गुरुवार को किया गया। दोनों ही परीक्षा में 2092 परीक्षार्थियों में से महज 1179 परीक्षार्थी ही शामिल हुए।

पीईटी की परीक्षा पहली पाली में सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित हुई। इसके लिए शहर में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय और शासकीय कमलादेवी राठी महाविद्यालय को केंद्र बनाया गया था। वहीं दूसरी पाली में दोपहर 2 से 5.15 बजे तक आयोजित हुई पीपीएचटी की परीक्षा के लिए शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, शासकीय कमलादेवी राठी महाविद्यालय और शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय को केंद्र बनाया गया था।



#### आधे ही हुए उपस्थित

पीईटी और पीपीएचटी की परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों ने रूचि नहीं दिखाई। इस परीक्षा में लगभग आधे परीक्षार्थी ही परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचे और लगभग आधे अनुपस्थित रहे।

#### परीक्षार्थियों ने नहीं दिखाई रूचि

पीपीएचटी की परीक्षा में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 1337 थी। जिसमें से 722 परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए। वहीं 615 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह पीईटी की परीक्षा में 755 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें से महज 457 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। वहीं 298 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

#### प्रश्न देखकर खिले चेहरे

पीईटी की परीक्षा देकर निकले छात्र मोहन वर्मा ने कहा कि अन्य वर्ष के मुकाबले इस वर्ष सरल प्रश्न आए थे। 10वीं और 12वीं के बेस पर ही प्रश्न पूछे गए थे। पेपर काफी अच्छा बना है। वहीं छात्रा दामिनी साहू ने कहा कि पेपर में बेसिक प्रश्न आए थे। एक-दो ही प्रश्न टफ थे, बाकी ओवरऑल पेपर काफी अच्छा बना है।

## सोशल मीडिया पर अफवाहों से रहें सावधान

- सामप्रदायिक सौहाद्र बिगाड़ने वाले पोस्ट ना करें
- पुलिस की सोशल मीडिया पर पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस द्वारा व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों और सौहार्द्र बिगाड़ने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट मिलने पर पोस्ट करने वाले व्यक्ति के साथ-साथ ग्रुप एडमिन को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

#### होगी कार्रवाई

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले मैसेज, फोटो या वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट ना करें, भड़काऊ पोस्ट करना या पोस्ट फारवर्ड करना अनुचित है। ऐसा करने से उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई भी संभावित है। अफवाहों या भड़काऊ पोस्ट ना फैलाए, जिम्मेदार नागरिक बने अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 6 जून को पीड़िता ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपी उमेश देवांगन साकिन ग्राम धीरी बिरेझर भाठा के साथ जान पहचान होने से उमेश देवांगन का पीड़िता के घर आना-जाना था।



#### पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में थाना निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व में तत्काल थाना सोमनी पुलिस टीम गठित कर शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी उमेश देवांगन 28 वर्ष साकिन ग्राम बिरेझर भाठा को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

#### दवाई खिलाकर गर्भपात कराया

1 जनवरी को जब पीड़िता के घर में कोई नहीं था, तब रात्रि करीबन 9 बजे आरोपी उमेश देवांगन पीड़िता के घर आया और तुमसे शादी करूंगा कहकर झांसे में लेकर पीड़िता के साथ जबर्दस्ती बलात्कार किया। इसी तरह से पीड़िता को झांसे मे लेकर 1 जनवरी से 15 जनवरी तक शादी करूंगा बोलकर झूठा आश्वासन देकर लगातार जबर्दस्ती बलात्कार करना एवं गर्भवती होने पर जबर्दस्ती बाहर से दवाई लाकर खिलाकर गर्भपात कराया। शादी करने कहने पर पीड़िता को लगातार गुमराह करते रहा। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना सोमनी में धारा 69 बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पृष्ठ 11 का शेष

#### अविवादित नामांतरण...

इसके बावजूद जिला मुख्यालय में ही तहसील के किसी भी काम के लिए बिना रिश्वत लिए फाइल आगे नहीं बढ़ाई जा रही है। हालत यह है कि अविवादित नामांतरण के प्रकरण को भी रिश्वत नहीं मिलने के चलते अलग-अलग कारण बताकर तीन महीने तक लंबित कर दिया जा रहा है। ऐसे में अपने काम को पूरा कराने के लिए पक्षकारों को मजबूरन रिश्वत देनी पड़ रही है। तहसील में जमे अफसर और कर्मचारियों के इस कृत्य की अब शासन स्तर पर शिकायत की भी तैयारी कर ली गई है। तहसील के हर काम का रेट तय, पैसे दो काम करवाओ स्कीम-तहसील में लूटमार की यह स्थिति है कि ऋण पुस्तिका बनाने से लेकर नामांतरण, बंटवारा सहित सभी काम के लिए रिश्वत का फिक्स रेट है। पक्षकारों द्वारा जितनी जल्दी रिश्वत की राशि दी जाती है, उनका काम उतनी ही जल्द कर दिया जाता है। रिश्वत नहीं देने वाले लोगों का काम अटका दिया जाता है। राजस्व महकमे का हर कर्मचारी और अफसर इस स्थिति को जानता है, लेकिन बावजूद इसके किसी ने भी इस प्रथा को रोकने का काम नहीं किया है।

## सट्टा खिलाने के आरोपी पकड़ाए सट्टा-पट्टी सहित नकदी रकम जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सट्टा-पट्टी लिखने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई अभियान छेड़ा है। जिसके तहत बसंतपुर एवं चिखली चौकी क्षेत्र में सट्टा-पट्टी लिखने के आरोपी को पकड़कर सट्टा-पट्टी सहित नगदी रकम जब्त कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति महामाया चौक में अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिख रहा है तथा मोबाइल फोन से भी लिख रहा है। सूचना पर पुलिस ने मुखबीर के बताए स्थान पर जाकर रेड कार्रवाई किया तो आरोपी द्वारा अपने पान ठेला में बैठकर सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथ मिला, जिसे नाम-पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम बलराम साहू 45 वर्ष निवासी बलदेव प्रसाद स्कूल के पीछे थाना बसंतपुर का रहने वाला बताया। जिसके पास से 3 नग पट्टी कोरा कागज में लिखा हुआ तथा एक नग रेडमी कंपनी का एंड्रायड मोबाइल काले रंग तथा नगदी रकम 2400 रुपए आरोपी के कब्जे से जब्त किया गया। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया जाकर एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया।




#### चिखली चौकी पुलिस की कार्रवाई

चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा अवैध गांजा, शराब बिक्री, जुआ, सट्टा तथा असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत 7 मई को मुखबीर सूचना पर से ग्राम गठुला नाला हनुमान मंदिर के सामने रोड में आरोपी देवीचंद मारकंडे 48 साल साकिन परमालकसा मोहल्ला हाईस्कूल के पास राजनांदगांव के कब्जे से नगदी रकम, 1 नग सट्टा-पट्टी, 1 नग डाट पेन, नगदी रकम 760 रुपए एवं घटनास्थल ग्राम गठुला मुक्तिधाम के पास आरोपी राजू विश्वकर्मा उम्र 35 साल साकिन ग्राम गठुला के कब्जे से 2 नग सट्टा-पट्टी, 2 नग कापी, 1 नग डाटपेन, 1 नग कैलकुलेटर, नगदी रकम 1000 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4, 6 अपराध कायम कर वैधानिक कार्रवाई किया गया है।

## युगांतर के प्राचार्य बने नायर, संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य के रूप में आज मधुसूदन नायर ने पदभार संभाल लिया। इस दौरान संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, जितेंद्र भंसाली,पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, टीचिंग और नान टीचिंग स्टॉफ उपस्थित रहा।

अपने स्वागत भाषण में संस्था के निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया ने कहा कि श्री नायर का आगमन संस्था की उत्तरोत्तर प्रगति में सहायक सिद्ध होगा। निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने सर्वप्रथम प्राचार्य का परिचय देते बताया कि श्री नायर के युगांतर को दिए 11 वर्ष के समय अविस्मरणीय रहे। उनका प्राचार्य के रूप में युगांतर में पुनरागमन



शिक्षा के क्षेत्र में नई इबारत लिखने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मधुसूदन नायर के नेतृत्व में संस्था निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगी। हमारी संस्था विगत कई वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रही है। इसे न्यू एजुकेशन पॉलिसी द्वारा और तराशा जाएगा। इसी तारतम्य में हिन्दी के विभागाध्यक्ष वीएन राय ने कहा कि सिस्टम को नियमित और सुचारू रूप से संचालित करने का कार्य प्राचार्य करेंगे। अंग्रेजी शिक्षक अर्पण मसीह ने कहा कि वे प्राचार्य नायर विद्यार्थी रहे हैं और उनके व्यक्तित्व से प्रभावित रहे हैं। उनका यह स्वप्न था कि वे श्री नायर के साथ कार्य करें। उनका यह स्वप्न अब पूरा होगा।

प्राचार्य मधुसूदन नायर ने कहा कि हम सभी युगांतर के नाम को सर्वोच्च ऊँचाई पर पहुंचाने का भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने नैतिक शिक्षा से जुड़ी कहानी सुनाकर प्राचार्य के दायित्व को समझाया। उन्होंने बताया कि युगांतर में जो अच्छी प्रैक्टिस होती रही है, वह अनुकरणीय है। सीबीएसई के नए पाठ्यक्रम के अनुसार बच्चे साल में दस दिन बिना बैग के स्कूल आएंगे। युगांतर इस प्रैक्टिस को पहले करता रहा है। इसी कड़ी में नायर को स्कूल में नई ज्वाइनिंग किए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना परिचय दिया। संगीत शिक्षक टी विशाल ने सुमधुर गीत गाकर प्राचार्य का स्वागत किया। उद्बोधन के पहले संस्था के पदाधिकारियों व टीचिंग स्टॉफ ने पुष्प-गुच्छ से प्राचार्य मधुसूदन नायर का स्वागत किया। तत्पश्चात उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

## 13 से आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पिनेस प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूज्य श्रीश्री रविशंकर द्वारा स्थापित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की राजनंदगांव शाखा द्वारा 13 से 18 मई तक हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। यह शिविर सुबह 6 से 9 एवं शाम 4 से 7 बजे तक पुष्पांजलि पैलेस रॉयल किड्स स्कूल के पास लालबाग राजनांदगांव में रखा गया है।



शिविर में मुख्य रूप से योग ध्यान प्राणायाम के साथ सारी दुनिया में करोड़ों लोगों को तनाव मुक्त करने वाली विश्वप्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया सिखाई जाएगी। शिविर में रायपुर से आर्ट ऑफ लिविंग की अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षिका डॉ. सरिता वाजपेयी अपनी सेवाएं देंगी। डॉ. सरिता वाजपेयी विगत बीस वर्षों से आर्ट ऑफ लिविंग के कोर्स ले रही है। उक्त जानकारी अंब्रिक मोटलानी ने दी।

## बाल-भारती स्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**राजनांदगांव।** शहर में शिक्षा एवं संस्कार के लिए ख्याति प्राप्त शाला बाल भारती पब्लिक हाई / हायर सेकंडरी स्कूल अंग्रेजी माध्यम का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

कक्षा परीक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों में से विज्ञान संकाय में परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम वैभव वैस 88 प्रतिशत, द्वितीय कुमारी चाँदनी खावसे 83 प्रतिशत, तृतीय नैनसी प्रदीप 75 प्रतिशत, कामर्स तथा वाणिज्य संक्रय से प्रथम चेतन रामटेके 79 प्रतिशत, द्वितीय रुपाली बरहई 68.2 प्रतिशत, तृतीय परी गुप्ता 68 प्रतिशत। कक्षा दसवीं में प्रथम विधान पाण्डे 93 प्रतिशत, द्वितीय विनित वोहरे 90 प्रतिशत, तृतीय भीमाक्षी देवांगन 83 प्रतिशत एवं अन्य विद्यार्थी वासु कुमावत 76.3 प्रतिशत, कार्तिक साहू 76 प्रतिशत, कनिका साहू 73 प्रतिशत, सागर यादव 72 प्रतिशत रहे। शाला परिवार इन बच्चों की उपलब्धि पर गौरान्वित है। इस अवसर पर सचिव तथागत पांडे, डायरेक्टर नरसिम्हा रेड्डी, डायरेक्टर एवं प्राचार्य श्रद्धा पांडे एवं शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को बधाई दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

#### बीते वर्ष भी रही उपलब्धि

पिछले वर्ष कक्षा बारहवीं में गुंजन देवांगन ने 90 प्रतिशत, बानी महोबिया 84 प्रतिशत, मुस्कान सोनी 84 प्रतिशत, एवं कक्षा दसवी में विनिशा साहू 95 प्रतिशत, अभिनव मंड्के 94 प्रतिशत, हिमांशी गरे 86 प्रतिशत, गगन साहू 86 प्रतिशत, श्रीकांत मण्डले 83.16 प्रतिशत, आशी महोबिया 82.66 प्रतिशत और अनिक देवांगन ने 82.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## कान्फ्लुएंस कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन




**राजनांदगांव।** कान्फ्लुएंस महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय में चयनित नवप्रवेशित छात्रों के लिए फ्रेशर्स पार्टी एवं स्वागत समारोह का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें सभी बी.एड प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत अभिनंदन बी.एड अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि प्रतिवर्ष महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन महाविद्यालय में किया जाता है। जिसमें छात्रों द्वारा खेल, नृत्य, संगीत प्रतियोगिता आदि मनोरंजन गतिविधियों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है।



## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से मिली आर्थिक मदद

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से ग्राम पंचायत बांटीपथरा के आश्रित ग्राम छिंदपुर निवासी स्वर्गीय सुक्कल बैगा के परिवार को एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। आज जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य रूप सिंह धुर्वे, मोहन धुर्वे, मोती बैगा, नरेन्द्र मानिकपुरी और बिहारी बैगा ग्राम छिंदपुर पहुंचे। उन्होंने मृतक के घर जाकर उसकी पत्नी श्रीमती सुन्दरी बैगा से भेंट की और गहरी संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर श्री साहू और अन्य जनप्रतिनिधियों ने सुन्दरी बैगा को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा स्वीकृत सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा और प्रशासन के प्रति आभार जताया और कहा कि कठिन समय में मिली इस मदद से उन्हें नया हौसला मिला है।

### नए सत्र के लिए लायंस क्लब की नई टीम गठित

**कवर्धा।** नगर के लायंस क्लब ने नए सत्र 2025-26 के लिए अपनी पूरी टीम को आकार दे दिया है। लायंस इंटरनेशनल के रूल के मुताबिक क्लब का नया वार्षिक सत्र 1 जुलाई से आरंभ होकर अगले साल 30 जून तक चलता है। इस सत्र के लिए नई टीम में अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, एडमिनिस्ट्रेटर नीरज मनजीत छाबड़ा, प्रथम उपाध्यक्ष आनंदप्रकाश दानी, द्वितीय उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह अरोरा, तृतीय उपाध्यक्ष रेखराज मूंदड़ा, सचिव हरीश गाँधी, प्रथम उप सचिव मनोज कुमार ठाकुर, द्वितीय उप सचिव प्रमोद कोचर, कोषाध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, एलसीआईएफ चेयरपर्सन सुशीला श्रीश्रीमाल, सर्विस चैयरपर्सन महेन्दर छाबड़ा, मेम्बरशिप चैयरपर्सन डॉ. एनके यदु, मार्केटिंग चैयरपर्सन रवि सोनी, टेल ट्विस्टर डॉ. संगीता चौहान सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल है।

कार्रवाई : ग्राम धमकी के (पारधीपारा) व सरोधा के जंगल में दबिश, सैकड़ों किलो महुआ व शराब जब्त

# अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस की दो ठिकानो पर ताबड़तोड़ कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला पुलिस प्रशासन ने जिले में अवैध शराब व मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरूवार 8 मई को ग्राम धमकी के पाराधीपारा में एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए बड़ी मात्रा में कच्चा महुआ, तैयार महुआ शराब, प्लास्टिक ड्रम, एल्यूमीनियम बर्तन, पाइप, उबालने की भट्टियां तथा महुआ शराब तैयार करने संबंधी उपकरण जप्त किए है। इस मामले में पुलिस ने 15 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि ग्राम धमकी के पाराधीपारा में कुछ लोगों द्वारा महुआ की कच्ची शराब बनाने का अवैध करोबार किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर दिया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गुरूवार की सुबह सुबह लगभग 6.00 बजे ग्राम धमकी स्थित पाराधी पारा क्षेत्र में संदिग्ध मकानों की घेराबंदी कर एक साथ दबिश दी गई। मौके पर 15 आरोपी पुरुषों व महिलाओं को अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में संलिप्त पाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान आरोपियों के पास से कच्चा महुआ, तैयार महुआ शराब, प्लास्टिक ड्रम, एल्यूमीनियम बर्तन, पाइप, उबालने की भट्टियाँ तथा अन्य निर्माण संबंधी उपकरण बड़ी मात्रा में बरामद किए गए। जब्त की गई सामग्री एवं शराब का मूल्य आंकलन उपरांत विधिसम्मत कार्यवाही हेतु संलग्न किया जा रहा है। समस्त आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

### ग्राम धमकी (पारधीपारा) से अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 15 गिरफ्तार

इस संबंध में पुलिस प्रशासन ने बताया कि यह अभियान पूरी तरह प्रभावी एवं पेशेवर ढंग से संचालित किया गया, जिससे ग्रामवासियों में भय अथवा अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई एवं अवैध शराब निर्माण और बेचने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने ग्राम धमकी (पारधीपारा) के मामले में आरोपी राकेश पारधी पिता राही लाल पारधी उम्र 30 साल निवासी ग्राम धमकी थाना कवर्धा, गोकुल पारधी पिता कोमल लाल पारधी उम्र 19 साल निवासी ग्राम धमकी थाना कवर्धा, दिनेश पारधी पिता बालाराम पारधी उम्र 35 साल, कुमार लाल पारधी पिता स्व जोधराम पारधी उम्र 50 साल, मुकेश कुमार पारधी पिता कुमार पारधी उम्र 19 साल, राहुल पारधी पिता मनोज पारधी उम्र 19 साल, अश्वनी पारधी पिता आजूराम पारधी उम्र 32 साल, सरोतन पारधी पिता स्व जोधराम पारधी उम्र 35 साल, अश्वन पारधी पिता सन्ता लाल पारधी उम्र 25 साल, पिन्टू पारधी पिता लाला राम पारधी उम्र 28 साल, दिलीप पारधी पिता मीना लाल पारधी उम्र 24 साल, बिशाल पारधी पिता लाला राम पारधी उम्र 20 साल, रोशन पारधी पिता अमर लाल पारधी उम्र 20 साल, सोनू पारधी पिता रामामनुज पारधी उम्र 20 साल सभी निवासी ग्राम धमकी थाना कवर्धा जिला कबीरधाम तथा किशन पारधी पिता मोहन लाल आयु 20 साल साकिन लेंजवारा (बूचीडीह) थाना बेरला जिला बेमेतरा को गिरफ्तार किया है।

### सरोधा के जंगल में बड़ी कार्यवाही



इसी कड़ी में कवर्धा पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अपने विशेष अभियान के तहत कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम सरोधा के समीप जंगल क्षेत्र में स्थित बैगा टोला में छापेमारी की है। पुलिस प्रशासन की माने तो छापामारी कार्यवाही के दौरान पुलिस ने यहां मौके से 300 लीटर कच्ची महुआ शराब और 50 डिब्बों में भकर रखा गया 1000 किलो (1 टन) से अधिक महुआ लाहन जब्त किया है। माना जा रहा है कि महुआ की अवैध शराब बनाने वाले शराब माफियाओं पर यह कमर तोड़ कार्यवाही है। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी का ब्यौरा सामने नहीं आया है। पुलिस टीम ने मौके पर बनाई गई अस्थायी भट्ठियों को ध्वस्त कर नष्ट किया गया है साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण प्लास्टिक ड्रम, गंज, पाइप, एल्यूमीनियम बर्तन आदि को जब्त किया गया है। पुलिस ने तत्परता और सूझबूझ से कार्य करते हुए यह दर्शाया है कि अब कोई भी अवैध गतिविधि पुलिस की निगाहों से छिपी नहीं रह सकती।

### गिरफ्त में आए आरोपियों का शहर में निकाला गया जुलूस

अवैध महुआ शराब निर्माण के मामले में ग्राम धमकी (पारधीपारा) से गिरफ्तार किए गए सभी 15 आरोपियों का पुलिस द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में जूलूस निकाला गया। इस दौरान सभी 15 आरोपी हांथों में तख्ती लेकर चल रहे थे जिसमें लिखा था अवैध शराब बनाना और बेंचना पाप है पुलिस हमारी बाप है। आरोपियों को शहर के प्रमुख मार्गो में पैदल ही घुमाया गया और बाद में उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि, नशा आज समाज के स्वास्थ्य, युवाओं के भविष्य और परिवारों की शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। कबीरधाम पुलिस इसे केवल कानून व्यवस्था की चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक बुराई मानते हुए इससे कठोरता से निपट रही है। गांव-गांव में चल रहे इस तरह के कारोबार को समाप्त करने हेतु पुलिस लगातार सतर्क है और ऐसी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। आने वाले समय में इस अभियान को और अधिक तेज किया जाएगा और जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

# झाड़ फूंक करने वाले बुजुर्ग की हत्या, जांच में जुटी बोड़ला पुलिस

## मृतक के घर में ही मिला तीन-चार दिन पुराना शव



■ घटना स्थल से बरामद की गई खून से सनी कुल्हाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम खरिया से पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर एक मकान से बुजुर्ग का शव बरामद किया है। मृतक का शव तीन-चार दिन पुराना बताया जा रहा है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर मामले को विवेचना में लिया है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बुजुर्ग ग्रामीण की मौत कैसे हुई हालांकि घटना स्थल के साथ शव की स्थिति को देखते हुए इसे हत्या माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खरिया निवासी मृतक रतनू सिंह धुर्वे अपने बेटा-बहू से अलग एक मकान में अकेला रहता था और उसी घर में झाड़-फूंक का काम करता था, रोजाना बहुत से लोग उससे मिलने आते-जाते थे, पिछले तीन चार दिनों से रतनू दिखाई नहीं दिया तो बेटे को पिता की चिंता हुई और वह पिता से मिलने उसके घर गया। लेकिन यहां मृतक के पुत्र ने जो कुछ देखा उससे उसके होश उड़ गए। उसके पिता जमीन पर मृत अवस्था में पड़े थे। शव के पास उसके कपड़े व खून के धब्बे मौजूद थे। किसी अनहोनी आशंका को भांपते हुए मृतक के पुत्र ने इसकी सूचना तत्काल बोड़ला पुलिस को दी। सूचना पाकर बोड़ला पुलिस दल-बल तथा डॉग स्कॉट के साथ मौके पर पहुंचकर गई और मौका मुआयना करने के बाद उसने शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस भी घटना स्थल और शव की स्थिति को देखकर इसे हत्या मान रही है। बताया जाता है कि प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को शव के पास ही खून से सनी एक कुल्हाड़ी भी मिली है। जिससे हत्या की पुष्टि हो रही है। लेकिन लाश तीन-चार दिन पुरानी होने के कारण पुलिस ने दुर्ग की फोरेंसिक जांच टीम को मदद के लिए बुलाया है, फिलहाल पुलिस डॉग स्क्वायड की मदद से घर और आसपास इलाके की छानबीन कर रही है।

# कवर्धा शहर के बिलासपुर रोड में संचालित शराब दुकान को अविलम्ब हटाने की मांग, युवा कांग्रेस करेगी उग्र प्रदर्शनः विकास केशरी

■ शहर से गुजरने वाले एनएच-30 में संचालित है सरकारी शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बीते बुधवार को जिला मुख्यालय कवर्धा से गुजरने वाले नएनएच-30 स्थित मिनीमाता चौक में एक बार फिर हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद मार्ग में संचालित सरकारी शराब दुकान को हटाए जाने की मांग तेज होने लगी है। कांग्रेस के तेजतर्रार युवा नेता विकाश केशरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए राज्य सरकार और प्रशासन को चेतावनी दी है कि कवर्धा शहर के बिलासपुर रोड पर स्थित शराब दुकान को अविलंब किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। उन्होने कहा कि विगत दो महीनों में इस दुकान के समीप दो निर्दोष लोगों की मौत हो चुकी है, जिससे स्थानीय जनमानस में रोष व्याप्त है। इस शराब दुकान के आसपास की स्थिति बेहद चिंताजनक है।



शराब सेवन कर उत्पात मचाना, आवागमन में बाधा उत्पन्न करना, राहगीरों विशेषकर महिलाओं व छात्रों को परेशान करना आम बात हो गई है। श्री केशरी ने कहा कि रायपुर-बिलासपुर बाईपास रोड के ठीक समीप होने के कारण इस क्षेत्र में यातायात का भारी दबाव रहता है, और शराबियों की हरकतों के चलते यह आम जनता के लिए जानलेवा साबित हो रहा है।

जीवनदायिनी सकरी नदी, जो कवर्धा की जलधारा का प्रमुख स्रोत है, आज शराबियों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी का केन्द्र बन चुकी है। शराब सेवन के बाद डिस्पोजल ग्लास, प्लास्टिक व अन्य कचरा सीधे नदी में फेंका जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय संकट खड़ा हो गया है। वहीं आसपास रहने वाले रहवासी भी इन हालातों से त्रस्त हैं। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब यह देखा जाता है कि इस शराब दुकान के समीप एक स्कूल संचालित हो रहा है और वहीं पास में ही हिंदू आस्था के प्रतीक नंदी जी की प्रतिमा स्थित है जहां पर कई बार शराबियों द्वारा खुलेआम शराब सेवन करते हुए तस्वीरें वायरल हुई हैं, लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। विकाश केशरी ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि सरकार ने कुछ दिनों में इस दुकान के स्थानांतरण को लेकर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो युवा कांग्रेस सड़कों पर उतरकर क्रमबद्ध उग्र आंदोलन शुरू करेगी। उन्होने कहा कि प्रदर्शन की शुरुआत शांतिपूर्ण होगी, लेकिन यदि सरकार ने चुप्पी साधे रखी, तो जिलेभर में व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी समस्त ज़िम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### अवनी पाण्डेय ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ रचा इतिहास, नगर में खुशी की लहर



**स लोहारा** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा होते ही नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। विवेकानंद शिशु मंदिर की प्रतिभावान छात्रा अवनी पांडेय ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय ही नहीं, अपितु संपूर्ण नगर गौरवान्वित हुआ है। अवनी पाण्डेय, शिक्षक सुधीर पाण्डेय एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती निधि पाण्डेय की सुपुत्री हैं। प्रारंभ से ही पढ़ाई में अव्वल रही अवनी ने सभी विषयों में विशेष योग्यता अर्जित कर यह सिद्ध किया कि समर्पण और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ. हेमंत साहू, पार्षद दिवाकर डड़सेना सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण एवं समस्त विद्यालय परिवार ने अवनी को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सभी ने कहा कि अवनी की सफलता आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय में विशेष रूप से अवनी के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करने की योजना भी बनाई जा रही है, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उनकी हौसला अफजाई करेंगे।

# रक्षक ही बने वनो के भक्षक, धड़ल्ले की जा रही सागौन की अवैध कटाई

■ उच्च स्तरीय शिकायत के बाद भी जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती और खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेंगाखार

वन मण्डल कवर्धा के वन परिक्षेत्र कवर्धा में वनो के रक्षक ही भक्षक बन बैठे हैं। जिनके विरूद्ध शिकवा शिकायतों के बाद भी न तो शासन कोई कार्यवाही कर रहा है और न ही संबंधित विभाग के आला अधिकारी लगातार हो रही इस अवैध वन कटाई पर कोई कार्यवाही करने में रूची दिखा रहे हैं। बताया जाता है कि वन मंडल कवर्धा के वन परिक्षेत्र कवर्धा में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से संरक्षित वन क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ वनभूमि पर लगे राष्ट्रीयकृत सागौन वृक्षों की अवैध कटाई कर किसानो से मिलीभगत कर वन भूमि पर अवैध कब्जा कराया जा रहा है।



वहीं सूत्रों की माने तो सागौन की अवैध कटाई के बाद बतौर साक्ष्य शेष ठूंठो को आग से जलाकर नष्ट किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक अभी बीते माह की 25 तारीख को ग्रामीणों के सहयोग से यहां एक वाहन से सागौन के चार नग गोले भी अवैध परिवहन करते पकड़े गए थे। जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि यहां अवैध कटाई धड़ल्ले से जारी है। क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों के मुताबिक रिजर्व फारेस्ट क्षेत्र सर्किल केसदा के अंतर्गत बीट झंडी कक्ष क्रमांक 320, बीट मरहाडबरा के कक्ष क्रमांक 108 में लम्बे अर्से से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की मिलीभगत से 50 से 100 वर्ष पुराने सागौन के हरे भरे परिपक्व वृक्षों की अवैध कटाई, अवैध निकासी का गौरख धंधा चल रहा है। जिसके चलते सागौन का यह जंगल अब विलुप्ती की कगार पर पहुंच चुका है। स्थित ये है कि अब यहां की अधिकांश वन भूमि खेतों में तब्दील हो चुकी है। जिसे देखते हुए क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी एवं हरिभूमि के स्थानीय संवाददाता द्वारा राज्य स्तरीय जांच दल से इस अवैध कटाई के मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन जल प्रमुख छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। जिस पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा एवं राज्य स्तरीय जांच टीम गठित करने का आदेश 16 अप्रैल को जारी किया था और इस आदेश के तहत 23 अप्रैल को टीम ने वन मण्डल कवर्धा के वन परिक्षेत्र कवर्धा अंतर्गत कक्ष क्रमांक 120 एवं 108 का मौका मुआयाना किया था। लेकिन बताया जाता है कि स्थानीय अधिकारियों से मिलीभगत कर यह राज्य स्तरीय टीम भी आधी अधूरी और महज खानापूर्ति जांच कर लौट गई। जिससे वनो की अवैध कटाई में संलिप्त लोगों के हौसले बुलंद हैं और वे एक बार फिर अपने इस गौरखधंधे को अंजाम देने में जुट गए है। ऐसे में अब पर्यावरण प्रेमियों ने सीधे प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक से मौका मुआयाना करने तथा कार्यवाही कराए जाने की मांग की है।

### प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों ने युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों से कराया अवगत

# टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि संचालक से मिले, क्रमोन्नत वेतनमान के जनरल आदेश की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक ऋतुराज रघुवंशी, सहायक संचालक आशुतोष चावरे एवं सहायक संचालक अशोक नारायण बंजारा को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर क्रमोन्नत वेतनमान देने का जनरल आदेश जारी करने एवं युक्तियुक्तकरण नियम में संशोधन करने की मांग किया है।

चर्चा के दौरान संचालक ने सभी मांग पर सूक्ष्मतापूर्वक अवलोकन पश्चात विभागीय निर्णय लिए जाने की बात कहा है। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के डबल बैंच ने श्रीमती सोना साहू के सन 2023 के रीट अपील क्रमांक 261 में दिए निर्णय में क्रमोन्नत वेतनमान दिए जाने का निर्णय दिया है। अतः सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा चौबीस अप्रैल 2006 एवं 10 मार्च 2017 को क्रमोन्नत वेतनमान के लिए जारी आदेश के तहत शिक्षक एलबी संवर्ग को दस वर्ष में प्रथम व बीस वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान करने का जनरल आदेश जारी किया जावे।

छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग द्वारा 10 अगस्त 2009 को जारी आदेश में एक विभाग से दूसरे विभाग में समान वेतनमान अथवा भिन्न वेतनमान के पद पर संविलियन होने पर पहले विभाग की सेवा अवधि समयमान वेतनमान के लाभ हेतु गणना में शामिल करने का प्रावधान है, अतः इसका लाभ एलबी संवर्ग के समस्त शिक्षकों को प्रदान किया जावे। इसके साथ ही प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण, न्यूनतम पेंशन एवं पूर्ण पेंशन का लाभ प्रदान किया जावे।

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दो अगस्त 2024 एवं 28 अप्रैल 2025 के आदेश के तहत वर्तमान में जारी युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया शिक्षा की गुणवत्ता, छात्रहित, शिक्षक व पालक हितों के प्रतिकूल है, अतः युक्तियुक्तकरण नियम में संशोधन कर सन 2008 के सेटअप अनुसार स्कूलों में शिक्षक पदांकित किया जावे।

इसके साथ ही युक्तियुक्तकरण से पहले प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, प्रधानपाठक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक के पदों पर पदोन्नति किया जावे।